Edition: Feb. 2026

HAMETI DARPAN

MONTHLY NEWS LETTER

HARYANA AGRICULTURAL MANAGEMENT & EXTENSION TRAINING INSTITUTE (HAMETI)

(An Institute of Agriculture & Farmers Welfare Department, Haryana)
By-Pass Rohtak Road, JIND-126 102 (Haryana)

संपादक की कलम से ...

किसान भाइयो जैसा की आप सभी को विदित है जल प्रकृति की अमूल्य देन है जो जीवन के लिए अति आवश्यक तत्व है व इसका कोई अन्य विकल्प भी नहीं है । मनुष्य के साथ-साथ पेड़-पौधों, जीव- जंतुओं, पशु-पक्षियों आदि सभी का जीवन जल के बग़ैर संभव ही नहीं है। इस ब्रह्मांड में कुल उपलब्ध पानी का लगभग 97% हिस्सा पीने या खेती के योग्य ही नहीं है जो की समुद्रों में भरा पड़ा है। केवल 3% पानी ही पीने या कृषि योग्य है। इसमें से भी लगभग 1.5% पानी बर्फ के रूप में ग्लेशियरों पर जमा पड़ा है। प्रकृति की इस अमूल्य धरोहर का प्रयोग हमें सोच समझ कर करना चाहिए। इसे कभी भी व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए। जल का बचाव करना हम सब का नैतिक कर्तव्य है। हमें इसका सदुपयोग करना होगा। आईए हम सब भारत सरकार व हरियाणा सरकार द्वारा चलाए जा रहे "जल शक्ति अभियान" व "मेरा पानी मेरी विरासत" जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के साथ जुड़कर जल बचाओ व जल संरक्षण में अपना योगदान दें। बारिश का सीजन शुरू हो चुका है, वर्षा के पानी का ज्यादा से ज्यादा संरक्षण करें। अपने खेत की मेड़ों को मजबूत बनाकर बारिश के पानी को अपने खेत में ही रोकें, इसे व्यर्थ न जाने दें। फालतू पानी को रिचार्ज बोरवेल से जमीन में नीचे उतारें और वाटर रिचार्जिंग करें। धान की बजाय कम पानी की जरूरत वाली फसलों को प्राथमिकता दे। धान को छोड़कर दूसरी अन्य फ़सलों की बिजाई करने या खेत खाली छोड़ने पर हरियाणा सरकार की ₹8000 प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि देनें वाली "मेरा पानी मेरी विरासत" जैसी कल्याणकारी योजना का फायदा उठाएं। धान की भी सीधी बिजाई को ही अपनाएं। अपने खेतों में व आसपास की जमीन में ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाएं। सिंचाई हेतु तालाब बनाकर टपका या फव्वारा जैसी जल बचाने वाली सिंचाई की विधि अपनाएं। प्राकृतिक खेती को अपनाएं व अपनी फसलों में आच्छादन/मलचिंग का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें। जहरीले कीटनाशकों व रसायनिक उर्वरकों का कम से कम प्रयोग कर पानी को प्रदूषित होने से बचाएं। अपने दैनिक कार्यों में भी जल का सदुपयोग कर पानी की एक-एक बूंद को बचाएं।

आईए, जल बचाव व जल संरक्षण वाले इस पुण्य के कार्य में हम सब अपनी भागीदारी निभाएं।

" जल है तो जीवन है "

"रहिमन पानी राखिय बिन पानी सब सुन , पानी गए ना उपजे मोती ,मानुष , चून "

HARYANA AGRICULTURAL MANAGEMENT & EXTENTION TRAINING INSTITUTE (HAMETI)

Valedictory session of three days training program for batch of 25 farmers, on natural farming being organised at HAMETI Jind under State Plan Scheme Dr. Subhash Chander and Dr. Harbhagwan Kamboj gave certificates to the trainees

Mid-Term Examination – DAESI TP 3154

The Mid-Term Examination of DAESI TP Batch 3154 was successfully conducted at HAMETI, Jind.The examination aimed to assess the participants' understanding of key agricultural concepts, practical applications, and technical knowledge gained during the training program. The evaluation process reflects our commitment to maintaining high academic standards and ensuring quality capacity building for agri-entrepreneurs.Such academic assessments strengthen the learning outcomes and prepare participants to effectively serve the farming community with improved technical expertise.

Kisan Mela & Exhibition Promoting Natural

A Kisan Mela & Exhibition for the promotion of Natural Farming was successfully organized at the newly constructed building "Kisan Sewa Sadan" in Pehowa. The event witnessed enthusiastic participation from farmers and agriculture stakeholders, focusing on sustainable agricultural practices, natural farming techniques, and farmer empowerment initiatives. We were honored by the gracious presence of Smt. Kamaljeet Kaur, Chairperson, Zila Parishad, who graced the occasion and encouraged farmers to adopt eco-friendly and sustainable farming methods for long-term agricultural prosperity. Such initiatives reflect our continuous commitment to strengthening the farming community and promoting sustainable agriculture across the region.

Valedictory Function of Three-Day Residential Training on Natural Farming

The valedictory function of the three-day residential training program on Natural Farming was successfully organized under the State Plan Scheme. A total of 30 farmers from 14 districts of Haryana actively participated in this intensive training program, aimed at promoting sustainable and eco-friendly agricultural practices. During the training, participants were guided on natural farming techniques, soil health management, bio-input preparation, integrated pest management, and cost-effective farming practices to enhance productivity and profitability. This initiative reflects our continued commitment to empowering farmers with scientific knowledge and sustainable solutions for long-term agricultural growth.

Certificate Distribution &
5-Day IPM Training Program

Dr. Karam Chand, Director, HAMETI Jind, and Dr. Vandna, Deputy Director, RCIPMC Faridabad, distributed certificates to the trainees upon the successful completion of the five-day training program on Integrated Pest Management (IPM) for Agriculture & Horticulture Officers. The training was organized by the Regional Centre of Integrated Pest Management (RCIPMC), Department of Agriculture & Farmers Welfare, Government of India, from 9th February to 13th February 2026 at HAMETI, Jind. The program focused on advanced IPM strategies, scientific pest management techniques, sustainable crop protection methods, and strengthening the technical capacity of agriculture and horticulture officers across the state.

Such initiatives reinforce our commitment to promoting sustainable agriculture and enhancing professional excellence in the agricultural sector.

Soil Health Management Session during Natural Farming Training

Dr. Dheeraj Panghal, DES (Soil Science), KVK Jind, delivered an insightful session on Soil Health Management in Natural Farming during the three-day Natural Farming training program being organized at HAMETI, Jind from 17/02/2026 to 19/02/2026. The session focused on improving soil fertility through natural inputs, maintaining soil biodiversity, enhancing organic matter content, and adopting sustainable soil management practices to ensure long-term productivity and environmental balance. Such expert interactions play a vital role in equipping farmers with scientific knowledge and practical solutions for sustainable and cost-effective farming.

Expert Lecture on Impact of Chemical Pesticides

Dr. Anil Duhan, Scientist, Department of Chemistry, CCSHAU Hisar, delivered an informative lecture on “Chemical Pesticides: Residual Effects on Soil Health and Agricultural Produce” during the three-day Natural Farming training program at HAMETI, Jind on 18.02.2026.In his session, Dr. Duhan highlighted the long-term impact of chemical pesticide residues on soil fertility, microbial activity, crop quality, and overall environmental sustainability. He emphasized the importance of adopting natural and eco-friendly farming practices to safeguard soil health and ensure safe agricultural produce.Such expert-led sessions strengthen farmers’ awareness and promote a gradual shift towards sustainable and chemical-free agriculture.

Three-Days Natural Farming Training for Progressive Farmers

A three-day Natural Farming training program for progressive farmers is being organized by HAMETI, Jind at the DDA Office, Rewari, in collaboration with K.R. Mangalam University, Gurugram. The program is being conducted under the coordination of Dr. Joginder Singh Yadav, Retired Scientist, CCSHAU Hisar, and Dean, School of Agricultural Sciences, K.R. Mangalam University. The training focuses on sustainable agricultural practices, soil health improvement, natural input preparation, cost-effective farming methods, and eco-friendly crop management techniques. The initiative aims to empower farmers with scientific knowledge and practical exposure to promote environmentally sustainable and profitable farming. Such collaborative efforts strengthen the commitment towards advancing natural farming and supporting farmer-led agricultural transformation.

Post Graduate Diploma Examination in Agricultural Extension Management

The examination for the Post Graduate Diploma in Agricultural Extension Management was successfully conducted at HAMETI, Jind, from 23rd to 27th February 2026. A total of 81 candidates appeared in the examination, reflecting strong participation and commitment toward advancing professional knowledge in agricultural extension and management practices.The diploma program is sponsored by MAMAGE, Ministry of Agriculture, Government of India, underscoring its national significance and focus on strengthening agricultural extension systems. Such academic initiatives contribute significantly to building skilled professionals and enhancing the effectiveness of agricultural development across the country.

Three-Day Natural Farming Training for Progressive Farmers

A three-day training program on Natural Farming was successfully organized at HAMETI, Jind, from 24th February to 26th February 2026. A total of 35 progressive farmers from different districts of Haryana actively participated in the program. The training focused on sustainable agricultural practices, soil health management, preparation of natural inputs, eco-friendly crop protection methods, and cost-effective farming techniques. Such initiatives strengthen farmers' knowledge, promote environmentally responsible agriculture, and contribute towards building a sustainable farming ecosystem in the state.

Valedictory Function-48-Week DAESI Diploma Program (2025–26)

The valedictory function of the 48-week DAESI (Diploma in Agricultural Extension Services for Input Dealers) program, conducted by HAMETI during the academic session 2025–26, was successfully organized. The DAESI program aims to enhance the technical knowledge and advisory skills of agri-input dealers, enabling them to provide scientifically sound guidance to farmers. Over the course of 48 weeks, participants received comprehensive training in crop production, plant protection, soil health management, and sustainable agricultural practices. This milestone reflects HAMETI's continued commitment to capacity building, strengthening agricultural extension services, and empowering agri-professionals to better serve the farming community.

Visit of Hon’ble Agriculture Minister to Exhibition Stall

The Hon’ble Agriculture Minister of Haryana, Sh. Shyam Singh Rana, visited the Agriculture Department’s exhibition stall showcasing innovative articles prepared from paddy crop residues. The stall highlighted sustainable solutions for crop residue management, demonstrating value-added products developed from paddy straw. Such initiatives promote eco-friendly practices, reduce stubble burning, and encourage the effective utilization of agricultural waste for environmental and economic benefits.

The visit reflects the Government’s commitment to sustainable agriculture, resource conservation, and supporting innovative approaches in the farming sector.

Visit of Hon'ble Agriculture Minister to Exhibition Stall

The Hon'ble Agriculture Minister of Haryana, Sh. Shyam Singh Rana, visited the Agriculture Department's exhibition stall showcasing innovative articles prepared from paddy crop residues.The stall highlighted sustainable solutions for crop residue management, demonstrating value-added products developed from paddy straw. Such initiatives promote eco-friendly practices, reduce stubble burning, and encourage the effective utilization of agricultural waste for environmental and economic benefits. The visit reflects the Government's commitment to sustainable agriculture, resource conservation, and supporting innovative approaches in the farming sector.

Expert Lecture during DAESI Training Program

During the Evening Session on 22.02.2026, Dr. Rinku Poonia, Assistant Professor (Entomology), COA Kaul, CCS HAU Hisar, delivered an insightful lecture on the topic “Compatibility of Agro-Chemicals” under DAESI Training Program (TP No. 3201) at HAMETI, Jind. The session focused on the safe and effective use of agro-chemicals, their compatibility in crop protection practices, and the importance of scientific approaches to ensure better pest management while minimizing environmental impact. Such expert-led sessions play an important role in strengthening the technical knowledge and professional skills of participants under the DAESI program.

Field Visit under DAESI Training Program

A field visit for DAESI TP Batches 3114 & 3115 (Nuh) was organized on 22. 02.2026 to provide practical exposure on rainfed farming, water reservoirs, and watershed management. The visit was conducted at the farm of progressive farmer Sh. Sakir S/o Sh. Ashraf, Village Mohammadwas, Firozpur Jhirka, where participants observed innovative water conservation practices and sustainable farming techniques used in rainfed agricultural systems. Such field visits help participants gain practical knowledge and real-life insights into efficient water management, sustainable agriculture, and climate-resilient farming practices

Media Coversage

हमेटी में पांच दिवसीय अभिरुचि कार्यक्रम शुरू



हमेटी में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे अधिकारी। स्रोत : हमेटी

जींद। केंद्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद की ओर से हमेटी में पांच दिवसीय अभिरुचि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हमेटी के निदेशक डॉ. कर्मचंद ने किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के कृषि एवं उद्यानिकी अधिकारियों को फसलों में एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन (आईपीएम) की आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों से अवगत कराना है ताकि किसानों को रोग एवं कीट नियंत्रण के प्रभावी और सुरक्षित उपाय उपलब्ध कराए जा सकें।

कार्यक्रम में डॉ. वंदना पांडेय, बीडी. शर्मा, डॉ. जमुना नेगी, डॉ. लक्ष्मीचंद (वनस्पति संरक्षक अधिकारी), सुरजीत बर्मन और आस्था हुड्डा विशेषज्ञ के रूप में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

43 राज्य स्तरीय कृषि एवं उद्यानिकी अधिकारियों को बीजोपचार की वैज्ञानिक विधियां, रबी फसलों में प्रमुख रोगों एवं कीटों की पहचान, उनके समेकित प्रबंधन के उपाय, जैविक नियंत्रण तकनीकें तथा फेरोमोन ट्रैप के उपयोग बताए। संवाद

अमर उजाला 10/2/26

कृषि विभाग में तीन दिन 50 प्रगतिशील किसान सीखेंगे प्राकृतिक खेती के गुर

हमेटी जींद के सहयोग से 21 फरवरी को लगेगा विशेष प्रशिक्षण शिविर

भास्कर न्यूज | रेवाड़ी 18/2/26

जिले को प्राकृतिक खेती में अग्रणी बनाने के उद्देश्य से मॉडल टाउन स्थित कृषि विभाग उपनिदेशक कार्यालय में 21 से 23 फरवरी तक एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। हमेटी जींद के सौजन्य से आयोजित इस तीन दिवसीय शिविर में 50 प्रगतिशील किसानों को प्राकृतिक कृषि की बारीकियों से रूबरू कराया जाएगा। इस प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. जोगिंद्र सिंह यादव (पूर्व प्रधान वैज्ञानिक एवं डीन, के.आर. मंगलम यूनिवर्सिटी) होंगे। शिविर का मुख्य लक्ष्य किसानों को रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से बचाकर स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल खेती की ओर प्रेरित करना है।

प्रशिक्षण के दौरान किसानों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यवहारिक अनुभव भी दिया जाएगा। इसके तहत एक दिन धारूहेड़ा नेचुरल एग्रो फार्म का भ्रमण कराया जाएगा, जहां आधुनिक प्राकृतिक खेती के प्रदर्शन साधन उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रतिभागियों को हमेटी जींद की ओर से आधिकारिक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। यह प्रमाण पत्र भविष्य में हरियाणा सरकार की प्राकृतिक खेती से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में किसानों के लिए बेहद मददगार साबित होगा। जो किसान पहले कुरुक्षेत्र या जींद प्रशिक्षण के लिए नहीं जा पाए, उनके लिए यह एक सुनहरा अवसर है।

पंजीकरण और महत्वपूर्ण जानकारियां

इस आयोजन में कृषि विभाग रेवाड़ी, अरावली किसान क्लब और धारूहेड़ा नेचुरल एग्रो फार्म का पूर्ण सहयोग रहेगा। किसानों का चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर केवल 50 किसानों का चयन किया जाएगा। प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए तीनों दिन प्रशिक्षण में उपस्थित रहना अनिवार्य है।

Media Coversage

जैनपुर में प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया

सोनीपत। शिविर के दौरान मौजूद किसानों को जानकारी देते हुए वक्ता।

सोनीपत। जैनपुर गांव में तीन दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें कुल 55 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण हरियाणा एग्रीकल्चरल मैनेजमेंट एक्सटेंशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (हमेटी) के तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र सोनीपत, सीसीएस हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. परमिंद्र सिंह वरिष्ठ जिला विस्तार विशेषज्ञ (कृषि अर्थशास्त्र) प्रशिक्षण के दौरान किसानों को आज प्राकृतिक खेती के मूल सिद्धांतों, प्राकृतिक फसलों का आर्थिक विश्लेषण, प्राकृतिक फसलों की प्रामाणिकरन विषय की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर डॉ. सुभाष ने किसानों को जीव अमृत., घनजीवामृत बनाने,मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के उपाय, फसलों में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के विकल्प तथा लागत कम कर उत्पादन बढ़ाने की तकनीकों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती से पर्यावरण संरक्षण, किसानों की आय में वृद्धि और टिकाऊ कृषि प्रणाली के लाभों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने प्राकृतिक खेती अपनाने और गांव में इसका प्रसार करने का संकल्प लिया।

Media Coversage

हमेटी के प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण में दूसरे दिन किसानों को मिला अंतरराष्ट्रीय मार्केटिंग व प्राकृतिक खेती का विशेष मार्गदर्शन

भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।

भांडोरिया । हरियाणा मैनेजमेंट एंड एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (हमेटी), जींद के सौजन्य से केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के द्वारा प्रगतिशील किसानों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन किसानों को विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अंतरराष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री डॉ. जेएस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर, नेशनल काउंसिल ऑफ स्टेट एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड्स, इंडिया ने किसानों को प्री-हार्वेस्टिंग, हार्वेस्टिंग, ग्रेडिंग, सॉर्टिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान अपने उत्पादों को ब्लॉक, जिला, प्रदेश, देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किस प्रकार बेच सकते हैं और इसके लिए किन नियमों व कानूनों का पालन आवश्यक है। डॉ. यादव ने किसानों को FSSAI, APEDA, PGS, नेचुरल और ऑर्गेनिक प्रमाणन से जुड़ी प्रक्रियाओं की भी विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विभिन्न महाद्वीपों में फूड सिक्योरिटी के मानक, लागत, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और कोल्ड चेन व्यवस्था पर भी विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से किसान अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी मजबूत पहचान बना सकते हैं। इस दौरान किसानों को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के मार्केटिंग विशेषज्ञ का मार्गदर्शन मिलना प्रशिक्षण सत्र की विशेष उपलब्धि रहा। कार्यक्रम में हमेटी जींद से आए प्राकृतिक खेती विशेषज्ञ एवं पूर्व खंड कृषि अधिकारी ड़ा0 सुभाष चन्द्र ने किसानों को प्राकृतिक खेती की बारीकियों से अवगत कराया। ड़ा सुभाष स्वम भी कई वर्षों से अपने खेतों में इसी प्रणाली से खेती करते है। उन्होंने प्राकृतिक कृषि के मूल सिद्धांतों, मृदा स्वास्थ्य सुधार, कीट प्रबंधन, पोषक तत्वों की पूर्ति और विपणन से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। साथ ही उन्होंने प्राकृतिक खेती की शुरुआत करते समय बरती जाने वाली सावधानियों और अपने फार्म में अपनाई जा रही पद्धतियों की जानकारी भी दी। कृषि विज्ञान केंद्र बावल के संयोजक व कीट विशेषज्ञ ने रसायन रहित विधि से फ़सलो, सब्ज़ियों व फलों में सफलतापूर्वक कीट नियंत्रण के बारे में जानकारी साँझा की। प्रोग्राम के आयोजक डॉ.जोगिंद्र सिंह यादव, डीन, केआर मंगलम यूनिवर्सिटी ने किसानों को प्राकृतिक खेती में खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न तरीकों पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के तीसरे और अंतिम दिन समापन समारोह के दौरान सभी प्रतिभागियों को विभिन्न फसलों में प्राकृतिक खेती के विभिन्न आदानो को तैयार करने व उपयोग करने एवं उनका फसलों में प्रभाव के बारें में चर्चा का मौक़ा मिलेगा। अंत में प्रशिक्षर्थियों को हमेटी की तरफ़ से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में 55 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया और विशेषज्ञों से मिली जानकारी को अपने खेतों में लागू करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के सफल बनाने में अरावली किसान क्लब कल्याण रेवाडी का विशेष सहयोग रहा है। क्लब की तरफ़ से मास्टर राकेश ने सभी किसानो व महमानो का स्वागत किया गया। यह प्रशिक्षण, केंद्र एवं राज्य सरकार का किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

Media Coversage

हमेटी के प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण में दूसरे दिन किसानों को मिला अंतरराष्ट्रीय मार्केटिंग व प्राकृतिक खेती का विशेष मार्गदर्शन

भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।

भांडोरिया । हरियाणा मैनेजमेंट एंड एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (हमेटी), जींद के सौजन्य से केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के द्वारा प्रगतिशील किसानों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन किसानों को विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अंतरराष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री डॉ. जेएस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर, नेशनल काउंसिल ऑफ स्टेट एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड्स, इंडिया ने किसानों को प्री-हार्वेस्टिंग, हार्वेस्टिंग, ग्रेडिंग, सॉर्टिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान अपने उत्पादों को ब्लॉक, जिला, प्रदेश, देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किस प्रकार बेच सकते हैं और इसके लिए किन नियमों व कानूनों का पालन आवश्यक है। डॉ. यादव ने किसानों को FSSAI, APEDA, PGS, नेचुरल और ऑर्गेनिक प्रमाणन से जुड़ी प्रक्रियाओं की भी विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विभिन्न महाद्वीपों में फूड सिक्योरिटी के मानक, लागत, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और कोल्ड चेन व्यवस्था पर भी विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से किसान अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी मजबूत पहचान बना सकते हैं। इस दौरान किसानों को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के मार्केटिंग विशेषज्ञ का मार्गदर्शन मिलना प्रशिक्षण सत्र की विशेष उपलब्धि रहा। कार्यक्रम में हमेटी जींद से आए प्राकृतिक खेती विशेषज्ञ एवं पूर्व खंड कृषि अधिकारी ड़ा0 सुभाष चन्द्र ने किसानों को प्राकृतिक खेती की बारीकियों से अवगत कराया। ड़ा सुभाष स्वम भी कई वर्षों से अपने खेतों में इसी प्रणाली से खेती करते है। उन्होंने प्राकृतिक कृषि के मूल सिद्धांतों, मृदा स्वास्थ्य सुधार, कीट प्रबंधन, पोषक तत्वों की पूर्ति और विपणन से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। साथ ही उन्होंने प्राकृतिक खेती की शुरुआत करते समय बरती जाने वाली सावधानियों और अपने फार्म में अपनाई जा रही पद्धतियों की जानकारी भी दी। कृषि विज्ञान केंद्र बावल के संयोजक व कीट विशेषज्ञ ने रसायन रहित विधि से फ़सलो, सब्ज़ियों व फलों में सफलतापूर्वक कीट नियंत्रण के बारे में जानकारी साँझा की। प्रोग्राम के आयोजक डॉ.जोगिंद्र सिंह यादव, डीन, केआर मंगलम यूनिवर्सिटी ने किसानों को प्राकृतिक खेती में खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न तरीकों पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के तीसरे और अंतिम दिन समापन समारोह के दौरान सभी प्रतिभागियों को विभिन्न फसलों में प्राकृतिक खेती के विभिन्न आदानो को तैयार करने व उपयोग करने एवं उनका फसलों में प्रभाव के बारें में चर्चा का मौक़ा मिलेगा। अंत में प्रशिक्षर्थियों को हमेटी की तरफ़ से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में 55 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया और विशेषज्ञों से मिली जानकारी को अपने खेतों में लागू करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के सफल बनाने में अरावली किसान क्लब कल्याण रेवाडी का विशेष सहयोग रहा है। क्लब की तरफ़ से मास्टर राकेश ने सभी किसानो व महमानो का स्वागत किया गया। यह प्रशिक्षण, केंद्र एवं राज्य सरकार का किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

Media Coversage

पराली का प्रबंधन कर किसान तैयार कर सकते है बुक्के, खिलौने और लालटेन

आज समाज नेटवर्क

लाडवा। अब किसान पराली से खिलौने तैयार करके मोटा मुनाफा कमा सकता है। इन खिलौनों को देश के बड़े शहरों के साथ-साथ जापान जैसे देशों में बड़ी मांग है। इन खिलौनों को बेचकर किसान अपनी आय को कई गुणा कर सकता है। इन खिलौनों को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की तरफ से लगाए गए स्टॉल में सजाया गया है। अहम पहलू यह है कि फाउंडेशन फॉर डेवलपमेंट इनिसिऐटिव एनजीओ की तरफ से तैयार किए गए है और इस एनजीओ के साथ 250 से ज्यादा महिलाएं भी जुड़ी हुई है जो मेहनत करके पराली से खिलौने तैयार कर रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से ही लाडवा अनाज मंडी में पहली बार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की तरफ से कृषि विकास मेला लगाया गया है और यह मेला अब हर वर्ष उत्तर हरियाणा के किसान देख पाएंगे। इस मेले में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की तरफ से पराली से बने खिलौनों को लेकर एक विशेष स्टॉल लगाया गया है।

इस स्टॉल का अवलोकन हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पंकज अग्रवाल, निदेशक राज नारायण कौशिक, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अवलोकन किया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. कर्मचंद ने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि पराली के बचे हुए हिस्से का इस्तेमाल करके घर का सामान बनाना शुरू कर दिया है। इसके लिए ट्रेनिंग भी दी जा रही है। यह ट्रेनिंग लेने के बाद कुछ लोगों ने पराली से कई काम की चीजें बनाई हैं, जिनमें पर्स, गुलदस्ते, पेन स्टैंड और घर का दूसरा सामान शामिल है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और दूसरे मेहमानों ने भी इसकी तारीफ की है।

Media Coversage

पराली का प्रबंधन कर किसान तैयार कर सकते है बुक्के, खिलौने और लालटेन

आज समाज नेटवर्क

लाडवा। अब किसान पराली से खिलौने तैयार करके मोटा मुनाफा कमा सकता है। इन खिलौनों को देश के बड़े शहरों के साथ-साथ जापान जैसे देशों में बड़ी मांग है। इन खिलौनों को बेचकर किसान अपनी आय को कई गुणा कर सकता है। इन खिलौनों को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की तरफ से लगाए गए स्टॉल में सजाया गया है। अहम पहलू यह है कि फाउंडेशन फॉर डेवलपमेंट इनिसिऐटिव एनजीओ की तरफ से तैयार किए गए है और इस एनजीओ के साथ 250 से ज्यादा महिलाएं भी जुड़ी हुई है जो मेहनत करके पराली से खिलौने तैयार कर रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से ही लाडवा अनाज मंडी में पहली बार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की तरफ से कृषि विकास मेला लगाया गया है और यह मेला अब हर वर्ष उत्तर हरियाणा के किसान देख पाएंगे। इस मेले में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की तरफ से पराली से बने खिलौनों को लेकर एक विशेष स्टॉल लगाया गया है।

इस स्टॉल का अवलोकन हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पंकज अग्रवाल, निदेशक राज नारायण कौशिक, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अवलोकन किया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. कर्मचंद ने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि पराली के बचे हुए हिस्से का इस्तेमाल करके घर का सामान बनाना शुरू कर दिया है। इसके लिए ट्रेनिंग भी दी जा रही है। यह ट्रेनिंग लेने के बाद कुछ लोगों ने पराली से कई काम की चीजें बनाई हैं, जिनमें पर्स, गुलदस्ते, पेन स्टैंड और घर का दूसरा सामान शामिल है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और दूसरे मेहमानों ने भी इसकी तारीफ की है।

Media Coversage

राज्य स्तरीय कृषि विकास मेला • सीएम सैनी ने किया शुभारंभ, ट्रैक्टर पर किया मेले का अवलोकन

कृषि विकास मेला जन-आंदोलन का रूप ले सकता है: नायब सैनी

भास्कर न्यूज़ | लाडवा

लाडवा अनाजमंडी में राज्य स्तरीय कृषि विकास मेले का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुभारंभ किया। उन्होंने ट्रैक्टर पर बैठकर विश्वविद्यालय व किसानों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया। सीएम और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा का एचएयू के कुलदीप प्रो. डॉ. बीआर काम्बोज ने स्वागत किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अब लाडवा में हर साल कृषि विकास मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रगतिशील किसानों ने नवाचारों से कृषि क्षेत्र को गति दी है, जो हमारे अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। इस मेले की थीम जल संरक्षण प्रति बूंद से अधिक फसल रखी गई है। मेला किसानों को जल प्रबंधन की उन्नत तकनीकों से जोड़कर एक जन-आंदोलन का रूप ले सकता है। कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक शोध को प्रयोगशाला तक सीमित न रखें, बल्कि हर खेत व हर किसान तक पहुंचाएं। किसान ऐसी फसलों की पैदावार लें, जिसमें पानी की कम जरूरत होती है। सरकार ने ऐसी फसलों को बढ़ावा देने के लिए मेरा पानी-मेरी विरासत योजना वर्ष 2020 में शुरू की है। दूसरी फसल पर 8 हजार रुपए प्रति एकड़ वित्तीय सहायता दी जाती है। इस योजना के तहत 2 लाख 20 हजार एकड़ में धान की जगह वैकल्पिक फसलें बोने पर किसानों को 157 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी गई है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने फसल अवशेष व पराली की समस्या से निपटने के लिए किसानों को जागरूक किया है और उन्हें पराली प्रबंधन के लिए 1 लाख से ज्यादा

लाडवा अनाजमंडी में मेले का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व मेले में घीया दिखाता किसान।

मशीनें दी हैं। मौके पर कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. बीआर काम्बोज, विधायक घनश्याम दास, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, निदेशक राज नारायण कौशिक, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, तिजेन्द्र गोल्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त, एसडीएम अनुभव मेहता, निदेशक डॉ. रमेश कुमार, नपा प्रधान साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, नरेन्द्र दबखेड़ा आदि मौजूद थे।

कृषि विकास मेले में शनिवार को प्रदेश भर से बड़ी संख्या में हरियाणा रोडवेज व निजी बसों के माध्यम से किसान सुबह से ही जुटने शुरू हो गए थे। मुख्यमंत्री द्वारा मेले का शुभारंभ सुबह 10 बजे करना था, परंतु निर्धारित समय से लगभग 2 घंटे की देर से शुभारंभ किया।

कृषि यंत्र मेले में रहे आकर्षण का केन्द्र

मेले में किसानों द्वारा खेती करने में उपयोग में आने वाले यंत्र, बाहर से आई कंपनियों द्वारा ट्रैक्टर, स्प्रे पंप, ऐरो, रोटा वेटर आदि आकर्षण का केन्द्र रही। कई किसानों ने कृषि यंत्रों को बुक भी करवाया।

बतख ने किया ध्यान आकर्षित

कृषि विकास मेले में कैथल के एक किसान के साथ आई उनकी बतख आकर्षण का केन्द्र रही। जहां भी मेले में वह किसान जाता था, उसकी बतख भी उसके आगे या पीछे चल रही थी। मुख्यमंत्री सहित किसानों ने भी बतख के साथ अपनी-अपनी फोटो भी करवाई व बतख को गोद भी उठाया। वहीं एक किसान द्वारा लगभग 6 फुट से भी लंबी एक लौकी (घीया) भी आकर्षण का केन्द्र रही। किसान ने बताया कि जब यह लौकी (घीया) कच्ची थी तब इसका वजन लगभग 18 किलो था। अब सूख जाने के बाद इसका वजन 4 से 5 किलो रह गया है। इस लौकी से हरियाणा ही नहीं कई राज्यों में पुरस्कार भी प्राप्त किए हैं।

मुख्यमंत्री सैनी की घोषणा : कुरुक्षेत्र के मथाना में बनेगा जैविक कृषि व आधुनिक प्रबंधन प्रणाली संस्थान

संस्थान में होंगे कृषि साइंस के यू.जी., पी.जी. से लेकर पीएच.डी. तक के कोर्स

लाडवा, 28 फरवरी (शैलेंद्र, चौधरी): मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कृषि विकास मेला लाडवा में घोषणा करते हुए बड़ी सौगातें दी हैं। गांव मथाना में 10 एकड़ भूमि पर जैविक कृषि व आधुनिक प्रबंधन प्रणाली संस्थान खोला जाएगा। इस संस्थान में कृषि साइंस के यू.जी., पी.जी. से लेकर पीएच.डी. तक के कोर्स उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही कैथल से यमुनानगर वाया ढांड, पिपली, रादौर मार्ग को फोरलेन किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने लाडवा उपमंडल सचिवालय के नए भवन, लोक निर्माण विभाग की 9 सड़कों का शिलान्यास भी किया।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की तरफ से लाडवा अनाज मंडी में आयोजित राज्य स्तरीय कृषि विकास मेले का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने ट्रैक्टर पर बैठकर विश्वविद्यालय व किसानों द्वारा लगाए स्टॉलों और कृषि मेले का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कृषि विकास मेला को हरियाणा की कृषि आत्मा का उत्सव बताया जो अन्नदाताओं के परिश्रम, संकल्प और नवाचार का महोत्सव है।

लाडवा: ट्रैक्टर चलाकर मेले का भ्रमण करते मुख्यमंत्री नायब सैनी व कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। (शैले)

किसानों तक ड्रोन, रिमोट सैंसिंग, ए.आई. आधारित निर्णय प्रणाली और डिजिटल खेती को पहुंचा रही सरकार: मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि डिजिटल तकनीक ने खेती को बदल दिया है। ऐसे में सरकार ड्रोन, रिमोट सैंसिंग, ए.आई. आधारित निर्णय प्रणाली और डिजिटल खेती जैसे नवाचारों को किसान भाइयों तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगतिशील किसानों ने नवाचारों से कृषि क्षेत्र को गति दी है, जो हमारे अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। इस मेले का थीम जल संरक्षण प्रति बूंद से अधिक फसल रखा गया है। मौजूदा समय में बदलते जलवायु परिदृश्य, घटते भूजल स्तर और अनियमित वर्षा ने कृषि क्षेत्र के सामने अनेक नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। ऐसे समय में जल संरक्षण पर केंद्रित यह मेला वास्तव में दूरदर्शी पहल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक शोध को प्रयोगशाला तक सीमित न रखें बल्कि हर खेत व हर किसान तक पहुंचाएं। किसान और वैज्ञानिक का सीधा संवाद ही कृषि को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। हरियाणा कृषि प्रधान प्रदेश है। हमारी पहचान हमारे खेत-खलिहानों से है। किसान ऐसी फसलों की पैदावार लें, जिसमें पानी की कम जरूरत होती है।

सरकार ने ऐसी फसलों को बढ़ावा देने के लिए मेरा पानी-मेरी विरासत योजना वर्ष 2020 में शुरू की। सैनी ने कहा कि सरकार ने सीवेज ट्रीटमैंट प्लांट्स के शोधित पानी को सिंचाई के लिए इस्तेमाल करने की 27 योजनाएं तैयार की हैं। इनमें से 11 पूरी हो चुकी हैं।

सत्यमेव जयते

कृषि एवं किसान
कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF
AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE

MANAGE
मैनेज

HELPLINE NUMBER
(NATION WIDE)

Information related to

NATURAL FARMING

Specifically for Master Trainers, Training Coordinators and Facilitators of *Krishi Sakhis*

HELP LINE

DIAL - 1800-599-1557

Timings - 9:00 A.M to 5.30 P.M
(Monday to Friday) All working days

राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज)
(कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त संगठन)

National Institute of Agricultural Extension Management (MANAGE)
(An Autonomous Organization of Ministry of Agriculture and Farmers Welfare, Govt. of India)
Rajendranagar, Hyderabad 500 030, Telangana
www.manage.gov.in/nf/nf.asp

Follow us on

https://www.facebook.com/people/Hameti-Agriculture-Govt-Of-Haryana/100085796884495

https://www.instagram.com/hameti_jind?igsh=MW9tamg5cDV5eXpvMA==

https://www.youtube.com/@hametijind

https://x.com/Hameti_jind?t=SmkjZTrWKua5StdnrfwW4Q&s=08

TOLLFREE NUMBER: 18001803001 / 18001804002 / 1800180311/ 18001801551

HARYANA AGRICULTURAL MANAGEMENT & EXTENTION TRAINING INSTITUTE (HAMETI)

(An Institute of Agriculture & Farmers Welfare Department, Haryana)

Near Ch. Rabir Singh unioversity, Rohtak By-Pass, Jind-126102 Haryana

hametijind@gmail.com 01681-256453